भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 764

जिसका उत्तर 04.12.2025 को दिया जाना है

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे

764. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के डीएनडी से मीठापुर तक शेष निर्माण कार्य कब तक शुरू होने की संभावना है;

(ख) उक्त एक्सप्रेसवे के इस आठ किलोमीटर लंबे खंड के चालू होने में देरी के क्या कारण हैं;

(ग) क्या शिवपुरी के पास मीठापुर चौक पर एक निकास बिंदु का प्रावधान किया जा रहा है, जो 2023 में विद्‌यमान था, ताकि लाखों लोग लाभान्वित हो सकें और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे परियोजना पर कुल कितना व्यय हुआ है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के डीएनडी-फरीदाबाद-सोहना एनएच-148एनए, दिल्ली स्पर, जिसकी कुल लंबाई 59.063 किलोमीटर है, को तीन निर्माण पैकेजों में विकसित किया जा रहा है, जिनमें से पैकेज-II और पैकेज-III पूरे हो चुके हैं और यातायात के लिए खोल दिए गए हैं। डीएनडी जंक्शन से जैतपुर तक 9 किलोमीटर लंबाई वाला परियोजना पैकेज-I निर्माण के अग्रिम चरण में है और इसकी वास्तविक प्रगति 94.23% है और जून 2026 तक इसके पूरा होने की संभावना है।

पैकेज-I में देरी आगरा नहर के उत्तर प्रदेश सरकार के सिंचाई विभाग से संरचना के सामान्य व्यवस्था आरेखण (जीएडी) के अनुमोदन में देरी के कारण हुई है।

(ग) पैकेज-II के रियायत करार के प्रावधानों के अनुसार मीठापुर चौक के निकट उपयुक्त प्रवेश और निकास बिंदुओं का निर्माण पहले ही किया जा चुका है।

(घ) अब तक 71718 करोड़ रू का व्यय हो चुका है।

*****